भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
विधि कार्य विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 840
जिसका उत्तर शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024 को दिया जाना है

नोटरी पब्लिक की नियुक्ति

840. श्री गोविन्द मकथप्पा कारजोल :

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कर्नाटक से वर्ष 2022-23 में नोटरी पब्लिक के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने वाले कई अधिवक्ता आज भी अपनी नियुक्ति की प्रतीक्षा कर रहे हैं ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) सभी लंबित आवेदनों को कब तक निपटाए जाने की संभावना है ?

उत्तर

विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार);
संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री अर्जुन राम मेघवाल)

(क) से (ग) : 31.08.2022 तक प्राप्त आवेदनों के लिए कर्नाटक राज्य में केंद्रीय सरकार द्वारा नोटरियों की नियुक्ति के लिए ऑनलाइन साक्षात्कार फरवरी-मार्च, 2023 में आयोजित किए गए थे। तथापि, प्रशासनिक कारणों से, नियुक्ति की प्रक्रिया रद्द कर दी गई । इस संबंध में एक सार्वजनिक सूचना 26.05.2023 को विधि कार्य विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर प्रकाशित की गई थी।

****